Title : Need to redevelop Railway Mechanical Workshop, establish an Electric Loco Shed and a New Workshop for LHB Maintenance in Samastipur Parliamentary Constituency-Laid

श्रीमती शांभवी **(समस्तीपुर) :** मेरा संसदीय क्षेत्र समस्तीपुर मेधावी और परिश्रमी युवाओं की भूमि है, लेकिन संसाधनों की कमी और औद्योगिक विकास के अभाव में यह आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है । रोजगार की कमी के कारण यहाँ के युवा देश के अन्य हिस्सों में पलायन करने को मजबूर हैं, जहाँ उन्हें क्षेत्रीय भेदभाव और कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है । समस्तीपुर, भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जन्म और कर्मभूमि है । उन्होंने सामाजिक असमानता को समाप्त कर एक समतामूलक समाज के निर्माण का सपना देखा था । हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने उनके अतुलनीय योगदान को मान्यता देते हुए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित कर सच्ची श्रद्धांजलि दी । उनका सपना अभी अधूरा है, क्योंकि हमारा समाज अब भी पूर्ण समानता की ओर अग्रसर नहीं हुआ है । समस्तीपुर का विशाल रेलवे नेटवर्क इस क्षेत्र के औद्योगीकरण और विकास की बड़ी संभावनाएं प्रदान करता है । मैं केंद्र सरकार से निवेदन करती हूँ कि समस्तीपुर रेल मंडल के यांत्रिक कारखाने का नवीनीकरण किया जाए, विद्युत लोको शेड शुरू किया जाए और एलएचबी मेंटेनेंस के लिए नया कारखाना स्थापित किया जाए । इससे युवाओं को स्थानीय रोजगार मिलेगा, पलायन रुकेगा, और रेलवे राजस्व में वृद्धि होगी ।